facebook.com/thebharatshri
twitter.com/thebharatshri
website thebharatshri

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम

भारत श्री

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

सोमवार, 09 फरवरी 2026 ● वर्ष 7 ● अंक 30 ● मूल्यः 5 रुपए

एपस्टीन फाइल्स और सत्ता के अंधेरे कमरे



ब्रह्मर्षियों को दिया है सारा ज्ञान

पेज-10-11

सद्गुरु वाणी



जिन असाध्य रोगों का इलाज इस जगत में नहीं है, वे रोग दिव्य पाठ से सहज दूर होते हैं। इस तथ्य को स्वयं वैज्ञानिक जगत प्रमाणों के साथ स्वीकार कर रहा है।

●

परमात्मा की नजर में सभी भाई-बहन बराबर हैं। परमात्मा जाति, धर्म, देश, सम्प्रदाय से पार है। हमें सभी भाई-बहनों को समान दृष्टि से देखना चाहिए।

●

प्रभु कृपा के आलोक से निर्धनता को सम्पन्नता में परिवर्तित किया जा सकता है। इस आलोक में मां लक्ष्मी की कृपाओं का वास है।

वंदे मातरम के लिए नया प्रोटोकॉल

राष्ट्रगीत पर केंद्र का बड़ा फैसला,विपक्ष बोला-सरकार भावनाओं से खेल रही

@ भारतश्री ब्यूरो

केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। गृह मंत्रालय के 28 जनवरी के आदेश के बाद यह मुद्दा एक बार फिर राष्ट्रीय बहस के केंद्र में आ गया है। आदेश के मुताबिक अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों और औपचारिक आयोजनों में वंदे मातरम् बजाया जाएगा और इस दौरान वहां मौजूद हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। सरकार का कहना है कि यह कदम राष्ट्रगीत के सम्मान और उसकी ऐतिहासिक भूमिका को फिर से स्थापित करने के लिए उठाया गया है, जबकि आलोचक इसे राजनीति से जोड़कर देख रहे हैं।गृह मंत्रालय के आदेश में साफ किया गया है कि यदि किसी कार्यक्रम में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान जन गण मन दोनों प्रस्तुत किए जाते हैं, तो पहले वंदे मातरम् गाया या बजाया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रगान होगा। दोनों ही स्थितियों में लोगों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। यह पहली बार है जब केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत के गायन और प्रस्तुति को लेकर इतने विस्तृत और स्पष्ट प्रोटोकॉल जारी किए हैं।

स्कूलों में बदलेगा दिन की शुरुआत का स्वर

नए दिशानिर्देशों का सबसे बड़ा असर स्कूलों पर पड़ने वाला है। आदेश के अनुसार अब सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन से होगी। इसके साथ ही यह भी तय किया गया है कि वंदे मातरम् के सभी छह अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि लगभग 3 मिनट 10 सेकंड है। अब तक अधिकांश जगहों पर केवल पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे।सरकार का तर्क है कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है। स्कूलों में इसके नियमित गायन से बच्चों में राष्ट्रप्रेम और इतिहास के प्रति सम्मान की भावना मजबूत होगी। शिक्षा जगत से जुड़े कई लोग इस फैसले को सकारात्मक बता रहे हैं, वहीं कुछ का कहना है कि राष्ट्रभावना को आदेश से नहीं, बल्कि समझ और संवाद से मजबूत किया जाना चाहिए।

किन मौकों पर अनिवार्य होगा वंदे मातरम्

गृह मंत्रालय के 10 पन्नों के आदेश में यह भी बताया गया है कि किन-किन अवसरों पर वंदे मातरम् का गायन या वादन अनिवार्य होगा। इनमें तिरंगा फहराने के कार्यक्रम, राष्ट्रपति के आगमन और उनके राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले और बाद, राज्यपालों के आगमन और भाषण, तथा ऐसे आधिकारिक कार्यक्रम शामिल हैं, जहां संवैधानिक पदों पर आसीन लोग मौजूद हों।इसके अलावा पद्म पुरस्कार जैसे सिविलियन अवॉर्ड समारोहों में, जहां राष्ट्रपति की उपस्थिति होती है, वहां भी वंदे मातरम् बजाया जाएगा। मंत्रियों या अन्य प्रमुख व्यक्तियों की मौजूदगी वाले कुछ गैर-औपचारिक लेकिन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी इसे सामूहिक रूप से गाया जा सकता है, बशर्ते पूरा सम्मान और शिष्टाचार बनाए रखा जाए। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि हर संभव परिस्थिति की सूची देना व्यावहारिक नहीं है।

सिनेमा हॉल को छूट

नए नियमों में सिनेमा हॉल को स्पष्ट रूप से छूट दी गई है। यानी अब सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले वंदे मातरम् बजाना या दर्शकों का खड़ा होना अनिवार्य नहीं होगा। इसी तरह यदि किसी न्यूजरील या डॉक्यूमेंट्री फिल्म के हिस्से के रूप में राष्ट्रगीत का प्रयोग किया जाता है, तो दर्शकों के लिए खड़ा होना जरूरी नहीं होगा।गृह मंत्रालय का कहना है कि ऐसी परिस्थितियों में खड़ा होना कार्यक्रम या प्रदर्शन में अव्यवस्था पैदा कर सकता है।

केवल आधिकारिक संस्करण ही मान्य

आदेश में यह भी कहा गया है कि अब से वंदे मातरम् का केवल आधिकारिक संस्करण ही गाया या बजाया जाएगा। किसी भी तरह के संशोधित, संक्षिप्त या अनधिकृत संस्करण की अनुमति नहीं होगी। सरकार का मानना है कि इससे राष्ट्रगीत की गरिमा बनी रहेगी और किसी तरह की गलत व्याख्या या विवाद से बचा जा सकेगा।

वंदे मातरम् का ऐतिहासिक सफर

वंदे मातरम् की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के दिन की थी। यह गीत पहली बार 1882 में उनके उपन्यास 'आनंदमठ' के हिस्से के रूप में प्रकाशित हुआ। धीरे-धीरे यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक बन गया।1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे मंच से गाया। यह पहला अवसर था जब वंदे मातरम् राष्ट्रीय मंच पर गूंजा। उस सभा में मौजूद हजारों लोग भावुक हो गए थे।

MN DIVINE

ORDER ALL TYPES OF :



- POOJA SAMAGRI,
- AYURVEDIC MEDICINE
- AND PRATIMA.

NOW GET AT YOUR HOME ON

MNDIVINE.COM

ORDER NOW

https://mndivine.com/

HELPLINE : 9667793986
(10AM TO 6PM, MON-SAT)

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

दिल्ली से लोग गायब हो रहे हैं

क्या देश की राजधानी सच में सुरक्षित है?

@ सौम्या चौबे

सपनों का शहर, सत्ता का केंद्र, देश की राजधानी। वही दिल्ली जहां हर दिन हजारों लोग बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर घर से निकलते हैं। लेकिन 2026 की शुरुआत में सामने आए आंकड़े एक डरावनी सच्चाई की ओर इशारा कर रहे हैं। लोग घर से निकल तो रहे हैं, पर लौट नहीं रहे।साल 2026 के पहले सिर्फ 27 दिनों में दिल्ली से 807 लोग रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। यानी औसतन हर दिन 54 लोग। यह कोई सामान्य आंकड़ा नहीं, बल्कि एक गंभीर चेतावनी है।

महिलाओं और नाबालिग लड़कियों पर सबसे बड़ा खतरा

लापता लोगों में करीब दो-तिहाई महिलाएं और लड़कियां हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा संख्या 12 से 18 साल की नाबालिग लड़कियों की है।यानी वह उम्र, जब पढ़ाई, सपनों और सुरक्षा की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।NCRB और विभिन्न सामाजिक संगठनों की रिपोर्ट बताती है कि यह केवल गुमशुदगी नहीं, बल्कि एक संगठित अपराध श्रृंखला का हिस्सा है।

कैसे फंसाई जाती हैं लड़कियां

रिसर्च और केस स्टडीज से यह साफ हो चुका है कि ज्यादातर मामलों में लड़कियों को जबरदस्ती अगवा नहीं किया जाता।तरीके बेहद चालाक और भरोसा तोड़ने वाले होते हैं,फर्जी नौकरी के ऑफर। शादी या प्यार का झांसा। मॉडलिंग, डांस, होटल या स्पा में काम का वादाNCRB और NGO स्टडीज के अनुसार 60% से ज्यादा मामलों में आरोपी कोई अजनबी नहीं, बल्कि जान-पहचान का व्यक्ति होता है। यही वजह है कि परिवार अक्सर खतरे को समय रहते पहचान नहीं पाते।

दिल्ली क्यों बनती है पहला ठिकाना

जांच एजेंसियों और रेस्क्यू ऑपरेशन्स से सामने आया है कि अधिकतर मामलों में-लड़की को पहले अपने राज्य से बाहर लाया जाता है। दिल्ली या किसी बड़े शहर को ट्रांजिट पॉइंट बनाया जाता है। फिर उसे रेड-लाइट एरिया, डांस बार, स्पा, होटल नेटवर्क या ऑनलाइन एस्कॉर्ट रैकेट में धकेल दिया जाता है। कुछ मामलों में जबरन शादी कराकर भी Sexual Exploitation किया जाता है।NCRB के आंकड़े बताते हैं कि ट्रैफिकिंग से रेस्क्यू की गई महिलाओं में करीब 36% को सेक्स के लिए मजबूर किया गया।यह समस्या नई नहीं, लेकिन अब खतरनाक रूप ले चुकी है। दिल्ली में गुमशुदगी कोई नई समस्या नहीं है।

2015 से 2025 के बीच-55,594 बच्चे और बच्चियां दिल्ली से गायब हुए। इनमें से 6,931 आज तक वापस नहीं लौटे यानी हर 10 में से 1 बच्चा हमेशा के लिए खो गया।यह आंकड़ा किसी एक साल या सरकार का नहीं, बल्कि एक दशक की सामूहिक नाकामी की कहानी है।

सवाल सिर्फ गुमशुदगी का नहीं

आज सवाल यह नहीं है कि लोग क्यों गायब हो रहे हैं।असल सवाल यह है कि क्या दिल्ली सच में सुरक्षित है?दिल्ली में-हजारों CCTV कैमरे PCR वैन,कंट्रोल रूम,स्मार्ट सिटी सिस्टम,महिला सुरक्षा ऐप्स सब मौजूद हैं। फिर भी लोग गायब हैं।तो क्या यह सिर्फ इत्तेफाक है? या फिर हमारी सुरक्षा व्यवस्था का Collective Failure?

पुलिस सिस्टम की सीमाएं

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कई मामलों में शिकायत देर से दर्ज होती है। परिवार बदनामी के डर से शुरुआत में चुप रहता है। राज्य से बाहर जाने पर केस और जटिल हो जाता है। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि समस्या सिर्फ संसाधनों की नहीं, संवेदनशीलता और समन्वय की कमी की भी है।ट्रैफिकिंग नेटवर्क राज्य और सीमाओं से परे काम करता है, जबकि जांच अक्सर स्थानीय दायरे में सिमट जाती है।

समाज की चुप्पी भी जिम्मेदार

इस पूरे संकट में समाज की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।नौकरी का ऑफर सुनकर कोई जांच नहीं करता। नाबालिग लड़की अकेले शहर जा रही है, फिर भी सवाल नहीं। सोशल मीडिया रिश्तों को बिना परखे स्वीकार कर लिया जाता है। अपराधी इसी चुप्पी और भरोसे का फायदा उठाते हैं।जब देश की राजधानी में हर दिन दर्जनों लोग गायब हो रहे हों,जब नाबालिग लड़कियां सबसे आसान शिकार बन रही हों,तो यह सिर्फ एक खबर नहीं रहती।यह आपात चेतावनी बन जाती है।यह चेतावनी सरकार के लिए, पुलिस के लिए और समाज के लिए भी। विशेषज्ञों के अनुसार अब आधे-अधूरे उपाय काफी नहीं-Missing मामलों को High Priority Crime माना जाए ,ट्रैफिकिंग को रोकने के लिए राज्यों के बीच रियल-टाइम समन्वय। सोशल मीडिया और जॉब प्लेटफॉर्म्स की सख्त निगरानी। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम। शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को सरल और संवेदनशील बनाना और सबसे जरूरी-लापता व्यक्ति को आंकड़ा नहीं, इंसान समझा जाए।

हर 17 मिनट में एक दरिंदगी और हर दिन समाज की हार

क्या हमारी चुप्पी ही सबसे बड़ा अपराध बन चुकी है?

@ आनंद मीणा

आज का भारत कई विरोधाभासों के बीच खड़ा है। एक तरफ डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप्स, चांद और मंगल की बातें हैं, तो दूसरी तरफ ऐसी खबरें हैं, जो हर दिन इंसान को भीतर से खोखला कर देती हैं। सवाल अब यह नहीं है कि अपराध क्यों बढ़ रहे हैं, सवाल यह है कि क्या अपराध इसलिए खत्म नहीं हो रहे क्योंकि हमने उन्हें सामान्य मान लिया है? भ्रष्टाचार अब शर्म की बात नहीं रही, वह समझदारी कहलाने लगा है।गाली-गलौज अब असभ्यता नहीं, रोज़मर्रा की भाषा बन गई है।चोरी-चाकरी अब अपराध नहीं, मैनेजमेंट स्किल मानी जाती है।और बलात्कार?इतनी खबरें आ चुकी हैं कि समाज सुन्न हो गया है। अब न गुस्सा आता है, न सिहरन। बस एक आह भरकर अगली खबर पर बढ़ जाते हैं।

आंकड़े जो सिर्फ संख्या नहीं, चेतावनी हैं

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में भारत में हर 17 मिनट में एक बलात्कार हुआ। यानी रोज़ औसतन 85 से 90 घटनाएं।लेकिन यह पूरी तस्वीर नहीं है।विशेषज्ञ और सामाजिक संगठन मानते हैं कि 90 प्रतिशत से ज्यादा बलात्कार के मामले कभी रिपोर्ट ही नहीं होते।कारण साफ हैं-समाजिक बदनामी का डर,

परिवार की इज्जत और पीड़िता पर ही सवाल उठाने वाली मानसिकता। यानी जो दिख रहा है, वह सिर्फ हिमखंड का सिरा है। असली भयावहता उससे कहीं ज्यादा गहरी है।

सबसे डरावनी सच्चाई

इस पूरे मुद्दे का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि 90 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में अपराधी कोई अजनबी नहीं होता। वह घर का सदस्य होता है,रिश्तेदार होता है,पड़ोसी, दोस्त, शिक्षक या परिचित। यानी जिस समाज में बेटी को घर में सुरक्षित कहा जाता है,वहीं घर उसके लिए सबसे असुरक्षित जगह बन जाता है। POCSO एक्ट के तहत दर्ज मामलों का विश्लेषण बताता है कि सबसे ज्यादा निशाना 12 से 18 साल की लड़कियां बनी हैं।और चिंता की बात सिर्फ पीड़ित नहीं हैं,आरोपियों की उम्र भी तेजी से घट रही है।पिछले कुछ वर्षों में 10 से 17 साल के आरोपियों की संख्या तेजी से बढ़ी है।यह कोई अचानक पैदा हुई हिंसा नहीं है।यह सालों की गलत दिशा में जाती परवरिश का नतीजा है।

परवरिश की चूक, समाज की कीमत

आज माता-पिता का फोकस अक्सर एक ही सवाल पर सिमट गया है-बच्चा कितना कमा पाएगा?लेकिन यह शायद ही पूछा जाता है कि-बच्चा कैसा इंसान बनेगा?हिंसक कंटेंट की आसान पहुंच,पोर्नोग्राफी की बिना रोक-टोक उपलब्धता,मोबाइल स्क्रीन पर अनियंत्रित दुनिया,और नैतिक शिक्षा की लगभग अनुपस्थिति। इन सबने मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाया है,जहां संवेदना कमजोर और हिंसा सामान्य होती जा रही है।

सत्ता और व्यवस्था की भूमिका

अपराध सिर्फ समाज की बीमारी नहीं,वह व्यवस्था की चुप्पी से भी फलता-फूलता है।जांच में देरी,न्याय प्रक्रिया की धीमी गति,रसूखदार आरोपियों को संरक्षण और पीड़ित से ज्यादा आरोपी की चिंता,यह सब मिलकर अपराधियों को एक संदेश देता है कि डरो मत, सिस्टम तुम्हारे साथ है। जब सजा का डर खत्म हो जाता है,तो अपराध सिर्फ दोहराया नहीं जाता,वह और क्रूर हो जाता है।

मीडिया और समाज की संवेदनहीनता

एक समय था जब ऐसी खबरें समाज को झकझोर देती थीं।आज वे बस ब्रेकिंग न्यूज बनकर रह गई हैं।थोड़ी देर बहस,कुछ ट्वीट्स,और फिर अगली सनसनी।पीड़िता का दर्द TRP में बदल जाता है,और समाज अपनी जिम्मेदारी से मुक्त महसूस करने लगता है। रेप कोई अचानक हुआ अपराध नहीं यह समझना जरूरी है कि बलात्कार कोई क्षणिक गुस्से का परिणाम नहीं होता।यह सालों की चुप्पी गलत सामाजिक संदेश ,सत्ता की शह और समाज की संवेदनहीनता इन सबका सामूहिक परिणाम होता है।जब छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज किया जाता है,जब अश्लील मजाक पर हंसी आती है,जब पीड़िता से सवाल पूछे जाते हैं,तभी अपराध की जमीन तैयार होती है।

जहरीली होती सामाजिक हवा

आज पूरी सोसाइटी धीरे-धीरे जहरीली होती जा रही है।जहां सहमति का मतलब कमजोर पड़ गया है। रिश्तों की पवित्रता खो रही है और ताकत को अधिकार समझा जाने लगा है। यह सिर्फ महिलाओं की समस्या नहीं,यह पूरे समाज का नैतिक संकट है।

सिर्फ कानून सख्त करने से यह समस्या खत्म नहीं होगी। जरूरत है-संवेदनशील और तेज़ न्याय प्रणाली की,स्कूल स्तर पर नैतिक और भावनात्मक शिक्षा कीडिजिटल कंटेंट पर जिम्मेदार निगरानी कीऔर सबसे जरूरी,समाज की सामूहिक आत्ममंथन की। हमें यह मानना होगा कि अगर अपराध सामान्य लगने लगे हैं, तो समस्या अपराधियों से ज्यादा हमारी चुप्पी में है। आखिरी सवाल,जब भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन जाए,जब हिंसा मनोरंजन हो जाए,और जब बलात्कार खबर बनकर गुजर जाए-तो दोष किसका है?

अपराधियों का,या उस समाज का जो सब देखता है,सब जानता है,लेकिन चुप रहता है? क्योंकि इतिहास गवाह है-जब समाज चुप होता है,तो अपराध बोलने लगते हैं।



राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

प्यार का बाज़ार और टूटते रिश्ते

Valentine's Day अब भावना नहीं, एक कारोबार है

@ मनीष पांडेय



कभी Valentine's Day का मतलब होता था,रिश्तों में भावना, वफ़ादारी और आपसी समझ को याद करना। यह दिन यह सोचने का मौका देता था कि हम अपने रिश्तों को कितना समय देते हैं, कितना समझते हैं और कितना निभाते हैं। लेकिन आज Valentine's Day वह नहीं रहा। अब यह एक भावनात्मक उत्सव नहीं, बल्कि एक बड़ा आर्थिक इवेंट बन चुका है-ऐसा इवेंट, जिसमें प्यार से ज़्यादा मुनाफ़ा मायने रखता है।आज Valentine's Day एक multi-billion dollar annual economic event है। अकेले भारत में Valentine's Day का बाज़ार 30,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा का हो चुका है और हर साल यह लगातार बढ़ रहा है। गिफ्ट्स, चॉकलेट्स, ज्वेलरी, होटल बुकिंग, डेट नाइट्स, सरप्राइज़ पैकेज हर चीज़ की कीमत बढ़ रही है। प्यार अब महसूस करने की चीज़ कम और दिखाने की चीज़ ज़्यादा बन गया है।

प्यार का डिजिटलीकरण और डेटिंग ऐप्स की भूमिका

इस बदलते दौर में डेटिंग ऐप्स ने बड़ी भूमिका निभाई है। Tinder, Bumble, Hinge जैसे ऐप्स ने रिश्तों को आसान नहीं, बल्कि तेज़ बना दिया है। एक swipe, एक match और फिर अगला swipe।Tinder अकेला ही 2024 में 1.94 बिलियन डॉलर का revenue generate कर चुका है। इसके 60 मिलियन monthly active users और 9.6 मिलियन paying customers हैं। यह आंकड़े सिर्फ़ एक कंपनी के हैं। सोचिए, पूरा डेटिंग इंडस्ट्री कितना बड़ा हो चुका है।इन ऐप्स ने लोगों को मिलने का मौका दिया, इसमें कोई शक नहीं। लेकिन इसी के साथ रिश्तों की गहराई कम होती चली गई। जब विकल्प बहुत ज़्यादा हों, तो किसी एक पर टिकना मुश्किल हो जाता है। यही आज के रिश्तों की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है।

प्यार से ज़्यादा दिखावा

कुछ रिसर्च और सर्वे ने Valentine's Day की इस चमक-दमक के पीछे की एक डार्क रियलिटी भी सामने रखी है। पिछले वैलेंटाइन डे से पहले आए एक सर्वे में बताया गया कि जापान, दक्षिण कोरिया और भारत जैसे देशों में रिश्तों में प्यार से ज़्यादा दिखावा बढ़ गया है।भारत जैसे देश में पहले दिखावा कम था, इसलिए रिश्तों में संतुष्टि ज़्यादा थी। अब तस्वीर बदल रही है। Ipsos 2025 के सर्वे के मुताबिक सिर्फ़ 63 प्रतिशत भारतीय अपनी love life से संतुष्ट हैं। 64 प्रतिशत लोग मानते हैं कि उनका पार्टनर उनसे प्यार तो करता है, लेकिन romantic या sexual satisfaction का आंकड़ा सिर्फ़ 57 प्रतिशत है।यानी प्यार है, पर अधूरा है। साथ है, पर जुड़ाव कमजोर है। रिश्ते चल रहे हैं, लेकिन मन नहीं मिल रहे।

Gen Z और रिश्तों की नई प्राथमिकताएं

Times की एक रिपोर्ट बताती है कि 23 प्रतिशत Gen Z ने माना कि उनके दोस्तों में one-night stands बहुत आम हो गए हैं। Gen Z की प्राथमिकताओं में financial stability पहले आती है, प्यार बाद में।यह बदलाव अचानक नहीं आया। बढ़ती महंगाई, करियर का दबाव, प्रतिस्पर्धा और भविष्य की असुरक्षा ने युवाओं को practical बना दिया है। लेकिन जब प्यार को secondary बना दिया जाता है, तो रिश्ते भी उसी तरह superficial हो जाते हैं।एक्सपर्ट्स का मानना है कि प्यार को कम प्राथमिकता देने की वजह से cheating के मामले तेजी से बढ़े हैं। 2024 के DatingAdvice.com सर्वे के अनुसार 93 प्रतिशत Gen Z ने कभी न कभी अपने रिश्ते में cheating की बात स्वीकार की। यह आंकड़ा चौंकाने वाला है, बल्कि डराने वाला भी।



जब भरोसा टूटता है

Cheating सिर्फ़ एक शब्द नहीं है। यह भरोसे की हत्या है। जब कोई धोखा देता है, तो सिर्फ़ रिश्ता नहीं टूटता, इंसान अंदर से टूट जाता है।India Today की एक रिपोर्ट बताती है कि दिल टूटने की वजह से साल 2013 से 2022 के बीच 10 साल में कुल 74,180 लोगों ने आत्महत्या की। इनमें 13प्रतिशत मामलों में आत्महत्या की वजह extra-marital affair था। 10 प्रतिशत लोगों ने इसलिए जान दी क्योंकि उन्हें शक था कि उनके पार्टनर का किसी और से संबंध है।इसका मतलब यह हुआ कि हर दिन औसतन 45 लोग सिर्फ़ दिल टूटने की वजह से आत्महत्या कर रहे हैं। यह आंकड़ा Valentine's Day के गुलाब और चॉकलेट्स से कहीं ज़्यादा डरावना है।

रिश्ते आसान नहीं हुए, सस्ते हो गए

आज सबसे बड़ा झूठ यह है कि रिश्ते आसान हो गए हैं। सच यह है कि रिश्ते सस्ते हो गए हैं।आज रिश्ते replaceable हैं। कोई नहीं समझा, तो दूसरा मिल जाएगा। कोई साथ नहीं चला, तो swipe कर लेंगे। कोई उम्मीद पर खरा नहीं उतरा, तो उसे disposable समझ लिया जाता है।प्यार अब patience नहीं सिखाता, बल्कि instant gratification मांगता है। अगर सामने वाला हमारी उम्मीदों पर तुरंत खरा नहीं उतरा, तो हम आगे बढ़ जाते हैं। रिश्तों में संघर्ष, समझौता और समय देने की जगह अब तुलना और विकल्प आ गए हैं।

Valentine's Day: भावना से व्यापार तक

Valentine's Day अब सिर्फ़ प्रेम का दिन नहीं रहा। यह pressure का दिन बन गया है। सोशल मीडिया पर perfect couples, expensive gifts और grand surprises देखकर लोग अपने रिश्तों को कमतर आंकने लगते हैं।यह दिन अब यह नहीं पूछता कि तुम एक-दूसरे के लिए क्या महसूस करते हो, बल्कि यह पूछता है कि तुमने कितना खर्च किया, कितना दिखाया और कितना पोस्ट किया।इसका असर खासकर युवाओं पर पड़ रहा है। जिनके पास पैसा नहीं है, वे खुद को कमतर महसूस करते हैं। जिनके रिश्ते simple हैं, उन्हें लगता है कि उनका प्यार अधूरा है।

सवाल Valentine's Day से नहीं, सोच से है

समस्या Valentine's Day मनाने में नहीं है। समस्या उस सोच में है, जिसने प्यार को एक product बना दिया है।प्यार कोई subscription नहीं है जिसे cancel किया जा सके। यह कोई ऐप नहीं है जिसे delete करके नया install कर लिया जाए। यह एक रिश्ता है, जिसे समय, समझ और ईमानदारी चाहिए।अगर रिश्तों में emotion, वफ़ादारी और respect नहीं होगी, तो कोई भी Valentine's Day उन्हें बचा नहीं सकता। और अगर ये चीज़ें हैं, तो साल का हर दिन Valentine's Day हो सकता है।अंत मेंआज ज़रूरत इस बात की है कि हम प्यार को फिर से महसूस करना सीखें, न कि सिर्फ़ दिखाना। रिश्तों को निभाने की आदत डालें, न कि बदलने की।क्योंकि सच यही है रिश्ते आज swipeable हो गए हैं,लेकिन टूटने के बाद दर्द अभी भी उतना ही real है।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

भारत श्री

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम

सोमवार, 09 फरवरी 2026 , विक्रम संवत 2080

लोकतंत्र की दहलीज़ पर टला एक बड़ा संकट

पिछले दो दिनों में भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था एक कदम और आगे बढ़ते बढ़ते रुक गई। ११ वर्ष पहले भी प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को सदन में बोलने से रोका गया था उस समय भी मैंने मनमोहन सिंह का खुला पक्ष लिया था और मैं इसे गलत माना था लेकिन पिछले दो दिनों की घटना उस ११ वर्ष पहले की घटना से कई गुना अधिक खतरनाक होने जा रही थी जो किसी कारण से रुक गई। बहुत बारीकी से योजना बनाई गई थी और योजना अनुसार ६ महिला सांसदों को इस कार्य के लिए बाकायदा तैयार किया गया था जिनमे आर सुधा ज्योति मनी वर्षा गायकवाड गण ब्रायन ठाकुर के काव्य और शोभा बचाओ के नाम सुने जा रहे हैं । अभी तक यह पता नहीं है कि उन्हें राहुल के कराते की ट्रेनिंग दी गई थी या नहीं लेकिन यह बात साफ है कि सभी पूरी तरह तैयार होकर गई थी और ऐसी संभावना है कि वह प्रधानमंत्री को चूड़ियां भेंट कर सकती थी लेकिन यह भेद लोकसभा अध्यक्ष को किसी तरह मालूम हो गया और उन्होंने प्रधानमंत्री को आने से रोक दिया। तत्काल ही प्रियंका गांधी ने भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री को शारीरिक क्षति पहुंचाने की कोई योजना नहीं थी । मैं मानता हूं कि ऐसी कोई योजना नहीं थी लेकिन यदि यह घटना इस तरह हुई होती तो किसी भी तरह का विस्फोट हो सकता था सुरक्षा गार्ड बल प्रयोग कर सकते थे अफरा तफरी मच सकती थी लड़की हूं लड़ सकती हूं का पहला प्रयोग भी हो सकता था ।परिणाम कितने भी भयंकर हो सकते थे और शायद दलदली लोकतंत्र का अंतिम अध्याय इस घटना के बाद पूरा हो जाता लेकिन देखिए धीरे-धीरे लोकतंत्र कहां तक पहुंचता है। यदि इस लोकतंत्र के दलदल को दलविहीन लोकतंत्र में नहीं बदला गया तो हम इस प्रकार की घटनाओं की और अधिक पुनरावृत्ति देखने के लिए बाध्य होंगे। क्योंकि सोनिया गांधी किसी भी सीमा तक जाने से परहेज नहीं करेंगी।

ज्ञानेंद्र आर्य

शक्ति का नैतिक दिवालियापन

@ **अनुराग पाठक**

30 जनवरी को जारी हुई एपस्टीन फाइल्स ने दुनिया की लोकतांत्रिक और नैतिक संरचना को हिला दिया। यह सिर्फ अपराध जगत से नहीं, बल्कि सत्ता, विज्ञान, कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व के चरित्र से जुड़ा खुलासा है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा सार्वजनिक किए गए लगभग 30 लाख पन्नों ने उन चेहरों की परतें उतार दीं जिन्हें दुनिया ने वर्षों तक सम्मान और विश्वास के मुकुट पहनाए रखा।इन दस्तावेज़ों में डोनाल्ड ट्रम्प का नाम 38,000 बार, और व्लादिमिर पुतिन का नाम 1,005 बार दर्ज होना सिर्फ एक तथ्य नहीं,यह उस सिस्टम की सड़ी हुई जड़ों का प्रमाण है जो सत्ता को कानून से ऊपर मानने की आदत डाल चुका है। यही कारण है कि अमेरिका से लेकर यूरोप तक, और ब्रिटेन से नॉर्वे तक—इस्तीफों की आँधी चल पड़ी है। यह आँधी किसी सरकार को गिराए या न गिराए, पर उसने दुनिया को यह साफ बता दिया है कि लोकतंत्र की ऊँची इमारतें भी भीतर से खोखली हो सकती हैं।

एपस्टीन नेटवर्क की भयावहता केवल इस बात में नहीं कि इसमें नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण हुआ, बल्कि इस बात में है कि इस नेटवर्क का हिस्सा बनने वाले लोग वही थे जिन पर पूरी दुनिया ने भरोसा किया। सत्ता, राजनीति और अरबपतियों की दुनिया में भ्रष्टाचार, लालच और अनैतिकता नया विषय नहीं है। लेकिन जब इस नेटवर्क में विज्ञान और बौद्धिक नेतृत्व के सबसे बड़े चेहरे वे लोग जिनका काम समाज को दिशा देना, भविष्य बनाना और ज्ञान की रोशनी से अंधेरे को काटना है।उनमें से कुछ भी शामिल मिलें, तो सवाल और भी बड़ा हो जाता है।

स्टीफन हॉकिंग जैसे महान वैज्ञानिकों पर लगे आरोप इस सवाल को और गहरा करते हैं। हॉकिंग रेडिएशन की खोज करने वाले, ब्रह्मांड की समझ को नई ऊँचाइयों पर ले जाने वाले, और आधुनिक विज्ञान के सबसे बड़े प्रतीकों में शामिल हॉकिंग उन्हीं पर यह आरोप कि उन्हें मासूम बच्चियों को नाचते हुए देखना अच्छा लगता था। यह आरोप साबित हों या न हों, पर उन्होंने उस धारणा पर चोट की है कि बुद्धि नैतिकता की गारंटी होती है।

एपस्टीन फाइल्स के खुलासे सिर्फ अपराध से लड़ने का मामला नहीं हैं। यह मामला उस वैश्विक सत्ता संरचना का है जो दशकों से अपने ही बनाए नियमों को तोड़ती रही और आम लोगों से ऊपर उठती रही। यह वह प्रणाली है जिसमें एक आम नागरिक के लिए कानून लोहे की तरह कठोर होता है, पर सत्ता में बैठे लोगों के लिए मोम की तरह पिघल जाता है। दुनिया भर में जो इस्तीफे हो रहे हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि इस बार मामला दबाया नहीं जा सकता। लोकतंत्र के लिए यह अवसर है कि वह पुनर्मूल्यांकन करे,उस व्यवस्था का, जिस पर उसके नागरिक भरोसा करते हैं। क्योंकि सवाल सिर्फ जेफ्री एपस्टीन का नहीं है। सवाल यह है कि एपस्टीन जैसा नेटवर्क दुनिया के सबसे सुरक्षित, सबसे शक्तिशाली गलियारों में पनप कैसे गया?क्या खुफिया एजेंसियों को पता नहीं था?क्या उन देशों की सरकारें इतने वर्षों तक आंखें मूँदकर बैठी थीं?और अगर बैठी थीं, तो क्या यह केवल चूक थी या जानबूझकर किया गया मौन?

सत्ता जब अपराध को अपने संरक्षण में ले लेती है, तब अपराध सिर्फ अपराध नहीं रहता; वह संरचना का हिस्सा बन जाता है। यही एपस्टीन प्रकरण का सबसे बड़ा भयावह पहलू है।आज दुनिया एक नैतिक संकट के सामने खड़ी है। यह संकट किसी एक देश या किसी एक नेता का नहीं। यह सभ्यता के चरित्र का संकट है। जब सत्ता, धन और बुद्धि—तीनों मिलकर मानवता के खिलाफ इस्तेमाल हों, तो संकट की जड़ें बहुत गहरी होती हैं।एपस्टीन फाइल्स हमारे सामने यह कठोर सबक रखती हैं कि पारदर्शिता ही लोकतंत्र की एकमात्र सांस है।अगर नेतृत्व के चेहरे पर पर्दा पड़ा रहे तो जनता सिर्फ अंधेरे में चलती है।आज इस पर्दे का उठना जरूरी था कठोर सच इसलिए जरूरी था ताकि टूटे हुए भरोसे को फिर से जोड़ा जा सके।अब दुनिया को तीन बड़े फैसले लेने होंगे

पहला, सत्ता और प्रभाव रखने वाले हर व्यक्ति को कानून के सामने समान रूप से जवाबदेह बनाया जाए।दूसरा, ऐसे नेटवर्कों पर वैश्विक स्तर पर निगरानी और सहयोग की व्यवस्था बने।तीसरा, नैतिकता को नेतृत्व का अनिवार्य मानदंड बनाया जाए—न कि केवल ज्ञान, धन या चुनाव जीतने की क्षमता को।क्योंकि अगर दुनिया के सबसे ताक़तवर और विद्वान लोग ही अंधेरे में डूब जाएँ, तो सभ्यता का भविष्य किसके हाथों में सुरक्षित रहेगा ?एपस्टीन प्रकरण ने दुनिया को डरा दिया है, लेकिन उसी डर में एक चेतावनी भी छिपी है कि सत्ता तभी सुरक्षित है जब उसके हाथों में इंसानियत हो।और यह चेतावनी जितनी कठोर है, उतनी ही समय की मांग भी।

जुबानी तीर

“ अगर एपस्टीन फाइल्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम किसी भी संदर्भ में आया है, तो सरकार को देश को पूरी सच्चाई बतानी चाहिए। सवाल पूछना देशद्रोह नहीं है। पारदर्शिता लोकतंत्र की बुनियाद है और प्रधानमंत्री को इस पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

पवन खेड़ा (कांग्रेस प्रवक्ता)

“ एपस्टीन फाइल्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का संदर्भ पूरी तरह भ्रामक है। यह एक दोषी अपराधी के निजी ई-मेल और कल्पनात्मक टिप्पणियां हैं, जिनका कोई तथ्यात्मक या कानूनी आधार नहीं है। ऐसे दावों को अत्यंत तिरस्कार के साथ खारिज किया जाना चाहिए।

रंधीर जायसवाल (विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता)

“ एपस्टीन से जुड़ी फाइल्स यह दिखाती हैं कि सिस्टम कैसे सालों तक बच्चों के शोषण को रोकने में नाकाम रहा। यह केवल अपराध की बात नहीं है, यह नैतिक और संस्थागत विफलता का मामला है। पीड़ितों को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।



जो बाइडन (अमेरिकी राष्ट्रपति)

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. महिमा मक्कर द्वारा एच0टी0 मीडिया, प्लॉट नं. 8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा-9 उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं जी. एफ. 5/115, गली नं. 5 संत निरंकारी कालोनी, दिल्ली-110009 से प्रकाशित । संपादकः महिमा मक्कर, RNI No. DELHI/2019/77252, संपर्क 011-43563154

विज्ञापन एवं वार्षिक सब्सक्रिप्शन के लिए ऑफिस के पते पर सम्पर्क करें या फिर इन नम्बरों - 9667793987 या 9667793985 पर बात करें या इस पर media@ bharatshri.com ईमेल करें।

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

शल्य चिकित्सिता

भारतीय चिकित्सा परंपरा की वह विद्या जिसने सर्जरी को जन्म दिया

आज जब आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, लेज़र सर्जरी और रोबोटिक तकनीक की बात होती है, तो अक्सर यह मान लिया जाता है कि शल्य चिकित्सा आधुनिक युग की देन है। लेकिन इतिहास बताता है कि सर्जरी की जड़ें हजारों साल पुरानी हैं और भारत इस विद्या का एक प्रमुख केंद्र रहा है। प्राचीन भारत में जिस चिकित्सा शाखा ने सर्जरी को एक व्यवस्थित विज्ञान का रूप दिया, उसे शल्य चिकित्सिता कहा गया।शल्य चिकित्सिता केवल बीमारी के इलाज की विधि नहीं थी, बल्कि यह शरीर, मन और जीवन की रक्षा का एक गंभीर और गहन विज्ञान था। यह आयुर्वेद की आठ प्रमुख शाखाओं में से एक मानी जाती है और इसका सबसे बड़ा आधार ग्रंथ सुश्रुत संहिता है।

शल्य चिकित्सिता का अर्थ

'शल्य' शब्द का अर्थ है वह वस्तु या कारण जो शरीर में पीड़ा, कष्ट या विकार उत्पन्न करे।यह शल्य बाहरी भी हो सकता है जैसे कांटा, तीर, पत्थर, फोड़ा और आंतरिक भी हो सकता है जैसे रोग, फोड़ा, सूजन या विकार।

'चिकित्सिता' का अर्थ है उपचार

इस प्रकार शल्य चिकित्सिता का सीधा अर्थ हुआ शरीर में उत्पन्न पीड़ा या विकार को शल्य क्रिया द्वारा दूर करने की चिकित्सा विधि।सरल शब्दों में कहें तो यह वही विद्या थी, जिसे आज हम सर्जरी कहते हैं। चिकित्सा का विकास वैदिक काल से ही प्रारंभ हो गया था। ऋग्वेद और अथर्ववेद में घाव भरने, हड्डी जोड़ने और रक्तस्राव रोकने के उल्लेख मिलते हैं। लेकिन इस विद्या को व्यवस्थित, वैज्ञानिक और विस्तृत रूप देने का श्रेय महर्षि सुश्रुत को जाता है।महर्षि सुश्रुत को आज पूरी दुनिया Father of Surgery के रूप में जानती है। उन्होंने शल्य चिकित्सा को प्रयोग, अनुभव और नियमों के आधार पर विकसित किया।

सुश्रुत संहिता और शल्य चिकित्सिता

सुश्रुत संहिता शल्य चिकित्सिता का सबसे प्रामाणिक ग्रंथ है। इसमें लगभग—120 अध्याय,6 मुख्य स्थान,300 से अधिक शल्य क्रियाएं,125 से ज्यादा शल्य उपकरण,1000 से अधिक रोगों का वर्णन मिलता है।सुश्रुत संहिता में यह स्पष्ट किया गया है कि बिना शल्य चिकित्सिता के आयुर्वेद अधूरा है। सुश्रुत कहते हैं जिस वैद्य को शल्य का ज्ञान नहीं, वह युद्ध में बिना हथियार के सैनिक के समान है। शल्य चिकित्सिता में रोगों का वर्गीकरण शल्य चिकित्सिता में रोगों को बहुत व्यवस्थित ढंग से वर्गीकृत किया गया था। जैसे घाव,फोड़े,नासूर,हड्डी टूटना,मोतियाबिंद,मूत्राशय की पथरी,बवासीर,भगंदर,प्रसव संबंधी जटिलताएं। इन सभी के लिए अलग-अलग शल्य विधियां निर्धारित थीं।

प्राचीन काल की प्रमुख शल्य क्रियाएं

यह जानकर आश्चर्य होता है कि हजारों साल पहले भी भारत में जटिल सर्जरी की जाती थी।

1. प्लास्टिक सर्जरी

नाक काट दिए जाने की सजा उस समय आम थी। सुश्रुत संहिता में नाक, कान और होंठ के पुनर्निर्माण की विधि विस्तार से बताई गई है। यही आधुनिक plastic surgery की नींव है।

2. मोतियाबिंद ऑपरेशन

आंख के मोतियाबिंद को सुई जैसी उपकरण से हटाने की विधि का वर्णन मिलता है।

3. हड्डी जोड़ना

फ्रैक्चर, डिसलोकेशन और हड्डी टूटने के लिए पट्टियों, लकड़ी के सहारे और विशेष तकनीकें बताई गई थीं।

4. पथरी निकालना

मूत्राशय की पथरी निकालने की जटिल शल्य क्रिया का भी वर्णन सुश्रुत संहिता में मिलता है।

5. बवासीर और भगंदर की सर्जरी

इन रोगों के लिए क्षार सूत्र जैसी तकनीक विकसित की गई, जो आज भी आयुर्वेद में प्रचलित है।

शल्य उपकरणों का अद्भुत ज्ञान

शल्य चिकित्सिता में उपकरणों का ज्ञान अत्यंत उन्नत था। सुश्रुत ने 125 से अधिक शल्य उपकरणों का वर्णन किया, जिनमें शामिल हैं,चाकू,कैंची,सुई,चिमटी,आरी,नलिका। इन उपकरणों के आकार पशु-पक्षियों की चोंच और नखों से प्रेरित थे। यह बताता है कि उस समय प्रकृति से सीखकर विज्ञान विकसित किया गया।

सर्जरी से पहले की तैयारी

शल्य चिकित्सिता केवल ऑपरेशन तक सीमित

नहीं थी। इसमें ,रोगी की मानसिक तैयारी शरीर की शुद्धि,आहार-विहार,औषधीय प्रयोग,दर्द नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाता था। शराब, भांग और विशेष औषधियों का प्रयोग बेहोशी या पीड़ा कम करने के लिए किया जाता था, जो आज के anesthesia की प्रारंभिक अवधारणा मानी जा सकती है।

शल्य चिकित्सक के गुण

सुश्रुत के अनुसार एक शल्य चिकित्सक में ये गुण होना आवश्यक थे-स्थिर हाथ,तीव्र बुद्धि,करुणा,धैर्य,अभ्यास,स्वच्छता की समझ। उन्होंने यह भी कहा कि बिना अभ्यास के शल्य क्रिया नहीं करनी चाहिए। इसके लिए कद्दू, तरबूज, चमड़े और लकड़ी पर अभ्यास कराया जाता था।

नैतिकता और शल्य चिकित्सा

शल्य चिकित्सिता में नैतिकता को बहुत महत्व दिया गया। रोगी की सहमति, गोपनीयता और जीवन रक्षा सर्वोपरि मानी जाती थी।सुश्रुत स्पष्ट कहते हैं कि शल्य क्रिया का उद्देश्य धन या प्रसिद्धि नहीं, बल्कि रोगी को पीड़ा से मुक्त करना होना चाहिए।

शल्य चिकित्सिता का पतन और पुनर्जागरण

विदेशी आक्रमणों, औपनिवेशिक शासन और पश्चिमी चिकित्सा के प्रभाव से शल्य चिकित्सिता धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई। अंग्रेजों ने भारतीय चिकित्सा पद्धति को अवैज्ञानिक कहकर नकार दिया।लेकिन आज फिर से आयुर्वेद और शल्य चिकित्सिता की उपयोगिता को दुनिया मानने लगी है। आधुनिक सर्जरी के कई सिद्धांत सुश्रुत संहिता से मेल खाते हैं।आज की plastic surgery, orthopedics, ophthalmology और general surgery में जिन सिद्धांतों का प्रयोग होता है, उनके मूल तत्व शल्य चिकित्सिता में मिलते हैं।यही कारण है कि कई विदेशी विश्वविद्यालयों में सुश्रुत को चिकित्सा इतिहास में विशेष स्थान दिया गया है।शल्य चिकित्सिता केवल अतीत की विद्या नहीं थी, बल्कि यह एक पूर्ण वैज्ञानिक चिकित्सा प्रणाली थी। यह बताती है कि भारत ने हजारों साल पहले ही सर्जरी को विज्ञान का दर्जा दे दिया था।आज जब हम आधुनिक चिकित्सा पर गर्व करते हैं, तो हमें यह भी याद रखना चाहिए कि उसकी नींव हमारी ही प्राचीन ज्ञान परंपरा में छिपी है।शल्य चिकित्सिता भारत की वह विरासत है, जो हमें यह सिखाती है कि विज्ञान और करुणा जब साथ चलते हैं, तभी सच्चा उपचार संभव होता है।

संत हरिहर बाबा: राम-नाम के परम रसिक

राम-नाम का स्मरण सांसारिक बंधनों से मुक्ति का सहज मार्ग है। इस नाम में डूबकर जीव सागर पार कर जाता है, और प्रीति की वृद्धि समस्त मुक्ति का सार बन जाती है। संत हरिहर बाबा ऐसे महात्मा थे, जिन्होंने राम-नाम के रस में जीवन भर लीन रहकर साधकों को दिव्य अनुभूति कराई। काशी की पावन भूमि पर गंगा जी में नाव पर निवास करते हुए, उन्होंने अटल भक्ति का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो संत परंपरा की अनमोल धरोहर है। राम के परम उपासक के रूप में उनकी कृपा से असंख्य जीवों को आध्यात्मिक शांति प्राप्त हुई। उनका जीवन राम-नाम की महिमा का जीवंत प्रमाण है, जहां भक्ति और विरक्ति का संगम साकार होता है।

जन्म और प्रारंभिक जीवन

संत हरिहर बाबा का जन्म बिहार प्रांत के छपरा जिले में जाफरपुर गांव में हुआ था, लगभग 150 वर्ष पूर्व एक प्रतिष्ठित ब्राह्मण कुल में। उनका बचपन का नाम सेनापति तिवारी था। माता-पिता अत्यंत पवित्र विचारों वाले थे, जिनकी छाया में उनका बाल्यकाल गुजरा। दैवयोग से अल्पावस्था में ही माता-पिता का देहांत हो गया, जिससे सेनापति का मन सहसा भगवान की ओर मुड़ गया। इस घटना ने उनके जीवन को नई दिशा दी। कुछ समय तक उन्होंने सोनपुर और भागलपुर में विद्याध्ययन किया, जहां ज्ञान की ज्योति उनके हृदय में प्रज्वलित हुई।

उनके एक भाई हरिहर के देहांत की दुखद घटना सेनापति के जीवन की गति को पूरी तरह बदल देने वाली सिद्ध हुई। हरिहर की स्मृति में वे भगवान राम की पावन भूमि अयोध्या पहुंचे। वहां भगवती सरयू का दर्शन कर वे निहाल हो उठे, और राम की लीला-भूमि की श्रद्धापूर्वक वंदना की। सरयू के पावन तट पर रहकर उन्होंने कठिन तपस्या का जीवन अपनाया। कठोर उपवास और व्रतों में लीन होकर वे परमात्मा के चिंतन में डूब गए। अल्पाहार से ही संतोष करने का स्वभाव उन्होंने अपना लिया, जो उनकी विरक्ति की गहराई को दर्शाता है। राम-नाम की धारा में बहते हुए, उनका हृदय दिव्य प्रकाश से भर उठा।

काशी-निवास और गंगा-भक्ति

काशी-दर्शन की तीव्र इच्छा ने संत हरिहर बाबा को विश्वनाथ की नगरी की ओर खींचा। यहां पहुंचकर उन्होंने भगवती गंगा में नाव पर निवास करने का नियम लिया, और जीवन भर इसका पालन किया। उनकी काशी और गंगा के प्रति भक्ति असाधारण थी, जो हर पल राम-नाम के साथ जुड़ी हुई थी। काशी में वे नागवा से अस्सी घाट के बीच गंगा जी में रहते थे, कभी-कभी तुलसीघाट और संकटमोचन आदि स्थानों पर आते-जाते। यहां वे हरिहर भैया के नाम से प्रसिद्ध हुए, और उनकी नाव राम-नाम की ध्वनि से गूंजती रहती।

काशी-निवास के दौरान वे महात्मा वीतरागानंद के संपर्क में आए। उनके चरणों में हरिहर बाबा की गहन निष्ठा थी, और महात्मा की उन पर अपार कृपा बरसी। यह सत्संग उनके आध्यात्मिक जीवन की मजबूत नींव बना। शौच आदि के लिए वे गंगा के उस पार जाते, कड़ी धूप, भयानक ठंड और भारी वर्षा का सामना करते हुए अपने नियम का पालन करते रहे। कभी नाव न मिलने पर तैरकर पार जाते, जो उनकी हठयोग की गहराई को दिखाता है। वे परमहंस थे, जिन्होंने परमात्मा का अनन्य आश्रय ग्रहण किया। संसार के पदार्थों और प्राणियों में उनकी कोई ममता न रही, सब कुछ राम-मय हो गया।

दिव्य घटनाएं और चमत्कार

संतों का जीवन दिव्य घटनाओं से परिपूर्ण होता है, हालांकि वे चमत्कारों के प्रदर्शन से दूर रहते हैं। संत हरिहर बाबा के जीवन में ऐसी कई घटनाएं घटीं, जो राम-नाम की महिमा को प्रकट करती हैं। एक बार उनके तलवे में नागफनी का कांटा चुभ गया। वे शांत रहे, लेकिन जब सुना कि महाराज वीतरागानंद को भी नागफनी ने कष्ट दिया है, तो उन्होंने कहा कि नागफनी सबको कष्ट देती है, इसलिए उसे नष्ट हो जाना चाहिए। लोगों के देखते-देखते गंगा के दोनों तटों से नागफनी का अस्तित्व मिट गया। वे वाग्सिद्ध महात्मा थे, जिनके एक शब्द भी व्यर्थ न जाते।

राम-नाम में उनकी अटूट निष्ठा थी। एक बार शौच से निवृत्त होने के लिए नाव से गंगा पार जा रहे थे। जल बढ़ाव पर था, धारा वेगवान। नाव डूबने लगी, केवट ने बहुत प्रयास किया, लेकिन कुछ न हुआ। बाबा ने केवट को प्रयास बंद करने को कहा, और सबको राम-नाम जपने का आदेश दिया। पल भर में राम-नाम की शक्ति से नाव डूबने से बच गई। राम-नाम से पत्थर तैरता है, काठ की नाव का बचना कोई आश्चर्य नहीं। राम-नाम से क्या नहीं हो सकता?

वे चराचर में आत्मदर्शन करते, अद्वैत वेदांती भक्त थे। एक बार काशीनरेश का हाथी पागल होकर उपद्रव करने लगा। गंगा पार रामनगर में हाहाकार मचा, लोग भागने लगे। उन्मत्त हाथी बाबा के सामने आया, जहां वे शांतिपूर्वक राम-नाम चिंतन में लीन थे। बाबा ने कृपा-दृष्टि डाली, हाथी स्वस्थ हो गया, और आदरपूर्वक अभिवादन कर चला गया। ऐसी घटनाएं उनके जीवन में बार-बार घटतीं, जो भक्ति की दिव्यता को उजागर करतीं।

एक घटना ने उनके जीवन में परिवर्तन लाया। नागवा में एक छात्र जूता पहनकर उनकी नाव पर चढ़ आया। शिष्यों ने समझाया कि संत के सान्निध्य में ऐसा आचरण अपराध है, लेकिन छात्र ने ध्यान न दिया और साथियों के साथ उपद्रव किया। इससे क्षुब्ध होकर बाबा नागवा छोड़ अस्सी घाट चले आए। उन दिनों विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना मदनमोहन मालवीय काशी में न थे। लौटने पर उन्होंने प्रोफेसरों सहित बाबा से क्षमा मांगी, एक पैर पर खड़े होकर। बाबा नियमों के कड़े थे, अस्सी पर ही रहे, लेकिन मालवीय जी के अनुरोध पर तुलसीघाट का जीर्णोद्धार कराने की आज्ञा दी। मालवीय जी ने इसे परम सौभाग्य माना। बाबा ने देह त्याग तक अस्सी पर गंगा में नाव पर निवास किया। रामायण-पाठ और राम-नाम कीर्तन से काशी धन्य हो उठी। भक्ति, मुक्ति, विरक्ति और शक्ति उनकी नाव पर विराजमान हो गईं।

साधना और शिक्षाएं

संत हरिहर बाबा परम संत थे, जिनके श्वास राम-नाम-कीर्तन से नियंत्रित थे। तपस्या के वे साकार विग्रह थे। काशी में पिछले 100 वर्षों में इतने बड़े तपस्वी वे ही थे। वे अरुणाचल के रमण महर्षि के उत्तरी दिव्य संस्करण थे। रमण आत्मयोगी थे, तो हरिहर परमात्मा के संयोगी। दोनों वेदांती संत और भक्त के समन्वय थे। बाबा कहा करते थे कि राम का नाम ही परम अमृत तत्व है। सन्यासी को साधारण जीवन जीना चाहिए, कथनी-करनी में समान रहना चाहिए। धन, ऐश्वर्य, मद और मान को वे साधना के बड़े बाधक मानते। वे काशीवास, गंगाजल-सेवन, सत्संग और विश्वनाथ आराधना की सीख देते। शैव और वैष्णव के समन्वय थे वे। मुक्ति की मूलभूमि सन्यास है, ऐसा उनका दृढ़ विश्वास था।

उनकी साधना की प्राणभूमि शांति थी। गूढ़ चिंतन में लीन होकर वे आत्मगत शाश्वत शांति की खोज करते। उपासना से परे वे उपास्य और सिद्ध थे। गोस्वामी तुलसीदास के तपरूप थे वे। दिगंबर वेश में गंगा में खड़े होकर सूर्य से नेत्र मिलाकर लंबे समय तक तप किया। राम और शिव के अभिन्न स्वरूप में उनकी बुद्धि स्थिर थी। जीवन के अंतिम दिनों में वे केवल गंगाजल पान करते। हरिहर आश्रम-नाव की छत पर अद्भुत शांति में राम-नाम रसास्वादन करते। उनके दर्शन से दिव्य शांति मिलती।

सम्वत् 2009 विक्रमी में आषाढ़ शुक्ल पंचमी शुक्रवार को रात साढ़े 11 बजे उन्होंने नश्वर शरीर त्यागा, और परम धाम की यात्रा की। वे निष्काम भक्त और आत्मज्ञानी संत थे।

रचनाएं

समय-समय पर उनके मुख से निकले वचन ही उनकी कृतियां हैं। इनमें राम-नाम की महिमा और भक्ति का सार समाहित है। उदाहरण के लिए, वे कहा करते थेः

"राम का नाम ही परम अमृत तत्व है।"

ऐसे वचन उनकी साधना के सार को प्रकट करते हैं। नागफनी की घटना में उन्होंने कहाः

"नागफनी सब को कष्ट देती है इसलिए उसे नष्ट ही हो जाना चाहिए।"

ये वचन उनकी वाग्सिद्धि और भक्ति की गहराई को दर्शाते हैं। उनकी रचनाएं लिखित रूप में न होते हुए भी, उनके वचनों में वेदांत और भक्ति का समन्वय झलकता है, जो साधकों को राम-नाम की ओर प्रेरित करते हैं।

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

छह दशक का खामोश अपराध

फ्रांस में 79 साल का रिटायर्ड शिक्षक, 89 नाबालिगों के यौन शोषण का आरोपी

@ अभिषेक चौबे

फ्रांस एक बार फिर ऐसे अपराध के सामने खड़ा है, जिसने न सिर्फ कानून व्यवस्था बल्कि समाज की सामूहिक संवेदनशीलता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दक्षिण-पूर्वी फ्रांस के ग्रेनोबल शहर में सामने आए इस मामले में 79 साल के एक रिटायर्ड शिक्षक पर 1960 के दशक से लेकर 2022 तक 89 नाबालिगों के साथ बलात्कार और यौन शोषण का आरोप लगा है। यह अपराध महज किसी एक देश तक सीमित नहीं था, बल्कि कई महाद्वीपों तक फैला हुआ था।मामले को सार्वजनिक करते हुए ग्रेनोबल के अभियोजक एटिएन मंटो ने पीड़ितों से आगे आने की अपील की है। आरोपी का नाम जैक लेवुग्ल है, जो पेशे से फ्रेंच भाषा का शिक्षक और गुफा अध्ययन यानी स्पेलियोलॉजी का ट्रेनर रहा है।

कई देशों में फैला अपराध का जाल

अभियोजक के अनुसार जैक लेवुग्ल ने 1967 से 2022 के बीच भारत, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, मोरक्को, नाइजर, अल्जीरिया, फिलीपींस, कोलंबिया और फ्रांस में नाबालिगों के साथ यौन अपराध किए। जिन बच्चों और किशोरों को उसने अपना शिकार बनाया, उनकी उम्र 13 से 17 साल के बीच थी।जांच में सामने आया है कि आरोपी अपने काम और शौक की आड़ में अलग-अलग देशों की यात्रा करता था। वह खुद को शिक्षक और ट्रेनर के रूप में पेश करता, युवाओं से दोस्ती करता और फिर धीरे-धीरे उन्हें अपने जाल में फंसा लेता था। उसका भरोसेमंद और पढ़ा-लिखा चेहरा ही उसकी सबसे बड़ी ढाल था।

USB ड्राइव ने खोला राज

इस खौफनाक अपराध का पर्दाफाश तब हुआ, जब आरोपी के भतीजे को उस पर शक हुआ। भतीजे ने जैक लेवुग्ल के कमरे की तलाशी ली, जहां उसे एक USB ड्राइव मिली। इस ड्राइव में जो सामग्री थी, उसने जांचकर्ताओं को भी हिला कर रख दिया।USB ड्राइव में 15 अलग-अलग हिस्सों में विस्तार से लिखा गया था कि किस देश में, किस उम्र के नाबालिग के साथ, किस तरह का यौन अपराध किया गया। इसके साथ ही कई तस्वीरें भी थीं, जिनमें नाबालिगों के साथ उसके यौन संबंधों के सबूत मौजूद थे।इन्हीं दस्तावेजों और तस्वीरों के आधार पर जांच एजेंसियों ने 89 पीड़ितों की पहचान की। अधिकारियों का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे भी अधिक हो सकती है, क्योंकि कई पीड़ित अब तक सामने नहीं आए हैं।

मां और मौसी की हत्या का कबूलनामा

मामले की गंभीरता यहीं खत्म नहीं होती। जांच के दौरान जैक लेवुग्ल ने दो हत्याओं को भी कबूल किया है। अभियोजक के मुताबिक उसने 1970 के दशक में अपनी कैंसर पीड़ित मां की तकिए से दम घोंटकर हत्या की थी। इसके बाद 1990 के दशक में उसने अपनी 92 साल की मौसी की भी इसी तरह हत्या कर दी।अभियोजक एटिएन मंटो ने बताया कि मौसी ने उसे यात्रा पर जाने से रोका था, जिससे वह नाराज हो गया। उसने तय किया कि वह उसे भी मार देगा। जब मौसी सो रही थी, तब उसने तकिए से उसका दम घोंट दिया।आरोपी की डायरी में भी इन दोनों हत्याओं का जिक्र मिला है। इन मामलों में अब अलग से हत्या की जांच शुरू की गई है।

अपराध को सही ठहराने की कोशिश

जांच अधिकारियों के अनुसार जैक लेवुग्ल अपने अपराधों को सही ठहराने की मानसिकता भी रखता था। उसने यह तर्क दिया कि अगर वह खुद जीवन के अंतिम चरण में ऐसी स्थिति में होता, तो वह भी चाहता कि कोई उसके साथ ऐसा ही करे। अधिकारियों का कहना है कि यह सोच उसकी विकृत मानसिकता को साफ दिखाती है।इस मामले में अभियोजक ने आरोपी का नाम सार्वजनिक करने का असाधारण फैसला लिया है। एटिएन मंटो ने पत्रकारों से कहा कि आरोपी का नाम सामने आना जरूरी है, ताकि वे पीड़ित जो अब तक चुप हैं, आगे आ सकें।जब उनसे पूछा गया कि जांच की शुरुआत में नाम क्यों नहीं बताया गया, तो उन्होंने कहा कि उस समय प्राथमिक जांच जरूरी थी। लेकिन अब जब यह स्पष्ट हो गया है कि कई पीड़ितों की पहचान अभी नहीं हो पाई है, तो नाम सार्वजनिक करना जरूरी हो गया था।

फ्रांस में पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

यह पहला मौका नहीं है, जब फ्रांस में इतने बड़े पैमाने पर बाल यौन शोषण का मामला सामने आया हो। मई 2024 में फ्रांस की एक अदालत ने रिटायर्ड डॉक्टर जोएल ले स्कुआर्नेक को 20 साल की सजा सुनाई थी। यह मामला भी फ्रांस के इतिहास में सबसे बड़े बाल यौन शोषण मामलों में से एक माना जाता है।

जोएल ले स्कुआर्नेक ने 1989 से 2014 के बीच 25 सालों में 299 मरीजों के साथ यौन शोषण और बलात्कार किया था। इनमें से ज्यादातर पीड़ित बच्चे थे और 256 बच्चे 15 साल से कम उम्र के थे।

अस्पतालों में होता रहा अपराध

ले स्कुआर्नेक के अधिकतर अपराध अस्पतालों में हुए, जहां वह डॉक्टर के रूप में काम करता था। वह बच्चों को एनेस्थीसिया यानी बेहोशी की दवा देकर उनके साथ यौन अपराध करता था। 2017 में उसकी गिरफ्तारी के बाद उसके घर से डायरी और नोटबुक मिलीं, जिनमें उसने खुद अपने अपराधों का विवरण लिखा था।इन दस्तावेजों में 299 पीड़ितों के नाम, तारीखें और घटनाएं दर्ज थीं। उसने अदालत में अपने सभी अपराधों को कबूल किया और कहा कि उसने बेहद घिनौने काम किए हैं।

सिस्टम की नाकामी पर सवाल

ले स्कुआर्नेक के मामले में पीड़ितों और बाल अधिकार कार्यकर्ताओं ने सिस्टम की गंभीर खामियों की ओर इशारा किया था। कई पीड़ितों ने पहले भी शिकायत की थी, लेकिन उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। अस्पतालों में निगरानी की कमी और शिकायत तंत्र की कमजोरियों के कारण वह दशकों तक अपराध करता रहा।अब जैक लेवुग्ल का मामला भी उसी सवाल को फिर से सामने ला रहा है—क्या समाज और सिस्टम ऐसे अपराधियों को समय रहते रोकने में असफल हो रहे हैं?

पीड़ितों की चुप्पी और सामाजिक डर

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में पीड़ित अक्सर शर्म, डर और सामाजिक बदनामी के कारण सामने नहीं आते। जब अपराधी शिक्षक, डॉक्टर या किसी सम्मानित पेशे से जुड़ा हो, तो परिवारों का डर और बढ़ जाता है। यही वजह है कि अभियोजक बार-बार पीड़ितों से आगे आने की अपील कर रहे हैं। उनका कहना है कि सच सामने आए बिना न्याय संभव नहीं है। जैक लेवुग्ल का मामला केवल एक व्यक्ति के अपराध की कहानी नहीं है। यह उस लंबे समय तक चली चुप्पी की कहानी है, जिसमें अपराधी ने भरोसे, पद और व्यवस्था की कमजोरियों का फायदा उठाया। फ्रांस में इस समय इस मामले को लेकर गहरी चिंता है। सवाल सिर्फ सजा का नहीं, बल्कि यह समझने का भी है कि आखिर इतने सालों तक यह सब कैसे चलता रहा और किसी को भनक तक क्यों नहीं लगी। यह मामला एक कड़ी चेतावनी है कि बच्चों की सुरक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि सतर्क समाज, मजबूत निगरानी और समय पर कार्रवाई से ही सुनिश्चित की जा सकती है। जब तक पीड़ितों की आवाज सुनी नहीं जाएगी और सिस्टम अपनी कमियों को नहीं मानेगा, तब तक ऐसे अपराध बार-बार सामने आते रहेंगे।

ब्रह्मर्षियों को दिया है सारा ज्ञान

मां दुर्गा ने कहा कि मैंने सारा ज्ञान ब्रह्मर्षियों को दिया है। जो ब्रह्मर्षि आपको पाठ दे उसे एकाग्रता से करो। आपकी बीमारी कट जाएगी, धन आएगा, यश की प्राप्ति होगी, संतान परंपरा बनी रहेगी, ऐश्वर्य मिलेगा और अंत में मोक्ष की प्राप्ति भी हो जाएगी। ऋषि मुनि सालोंसाल तपस्या करते हैं और अपना घर छोड़ देते हैं लेकिन फिर भी उन्हें पाठ नहीं मिलता। भगवान शिव को चार लाख साल तपस्या करने के बाद दुर्गा मां ने पाठ दिया। वहीं मैं आपको सहज रूप से पाठ दे रहा हूं। इसको ध्यान से करोगे, विधिपूर्वक नियमित रूप से करोगे तो आपका कल्याण होगा। परमात्मा को कोई देख नहीं सकता और न ही कोई दिखा सकता है। केवल ब्रह्मर्षि ही साक्षात दिखा सकते हैं। अर्जुन को भी भगवान श्रीकृष्ण ने दिव्य दृष्टि प्रदान की थी तब ही वह उनके विराट रूप को देख पाया था।

तपस्या से नहीं मिलता ब्रह्मज्ञान

यदि आप मन से ध्यान करोगे तो परमात्मा को नहीं जान पाओगे क्योंकि मन अपरा है। आप तपस्या से भी नहीं जान पाओगे क्योंकि तपस्या भी तो मन ही कर रहा है। मुनि अष्टावक्र ने राजा जनक से कहा कि तू घोड़े की रकाब में पैर रख, मैं इतनी ही देर में बता दूंगा कि ब्रह्म क्या है? सतगुरु तत्त्व का ज्ञान एक पल में ही दे देते हैं।

तपस्या से आ जाता है आंखों में तेज प्रकाश

ऋषि मुनि गुफाओं में बैठकर ही तपस्या, साधना करते हैं क्योंकि साधना के फलस्वरूप उनकी आंखों में सूर्य के समान तेज प्रकाश आ जाता है। एक बार एक ऋषि एक वृक्ष के नीचे तपस्या कर रहे थे तभी एक चिड़िया ने उनके ऊपर बीट कर दी। ऋषि का ध्यान भंग हुआ और उन्होंने चिड़िया की तरफ देखा। उनके देखते ही वह चिड़िया जलकर भस्म हो गई। तब से ही यह नियम बना कि तपस्या गुफाओं में करनी चाहिए। लेकिन आपको यह तपस्या करने की आवश्यकता नहीं है, केवल पाठ करो और एकाग्रता से करो तब ही आपको ज्ञान और तत्व की प्राप्ति होगी।

कौन है इस ब्रह्मांड का नियंता

आम आदमी के मस्तिष्क में यह विचार आता है कि चन्द्रमा, सूरज, पृथ्वी और तारों को बनाने वाला कौन है। यह किसी दैवीय शक्ति ने बनाए हैं या अपने आप ही बन गए हैं, इनका नियंता कौन है जिसने इन्हें पैदा किया है? इसके बाद दूसरा विचार आता है कि विश्व का सबसे पहला ग्रंथ कौन सा है जिससे यह पता लगे कि जब दुनिया नहीं थी तब कौन था और किसने इस दुनिया को पैदा किया है। किसने ब्रह्मा, विष्णु, महेश और देवताओं को पैदा किया है? मूल बात यह भी है कि उसने पृथ्वी, आकाश, वायु, जल, अग्नि, सूरज, चन्द्रमा, तारे व ग्रह नक्षत्र क्यों बनाए? इनका अधिष्ठाता कौन है और इस चराचर जगत का संचालन कौन करता है। यह ज्ञान कहां से मिलेगा? हम कहां से आते हैं और मरने के बाद कहां जाते हैं, यह किसको पता है? हमें इस तत्व का ज्ञान कौन देगा?

कौन देगा तत्व का ज्ञान

पूरे विश्व में लगभग 4200 धर्म हैं और सब धर्मों के धर्मग्रंथ भी हैं। इनमें से मुख्य इस्लाम धर्म के ग्रंथ कुरान-ए-पाक में वर्णन है कि 'अल्लाह हो अकबर'। अल्लाह ही नियंता है। बाईबल में वर्णन है-गॉड ही परमात्मा है। वेदों में वर्णन है-एको ब्रह्म द्वितीयो नास्ति। सब कहते हैं- 'एक खुदा है, एक परमात्मा है, एक गॉड है, एक ईश्वर है लेकिन फिर भी लड़ते क्यों हैं'। सूरज एक है लेकिन इसको आफताब, दिवाकर, प्रभाकर आदि अलग-अलग नामों से जाना जाता है और इन्हीं नामों को लेकर हम लड़ते हैं। हम पूजा-पाठ करते हैं, हवन-यज्ञ करते हैं, ग्रंथों को पढ़ते हैं लेकिन फिर भी तत्व का ज्ञान नहीं मिलता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि किसी तत्ववेत्ता की शरण में जाकर दंडवत प्रणाम करो और उससे निवेदन करो तब वह तुम्हें तत्व का ज्ञान प्रदान करेगा। तत्व का ज्ञान भारत की धरती पर होने वाले सत्संग के अलावा कहीं भी नहीं मिलता।

मूर्तियों में नहीं मिलता भगवान

हम मूर्तियों की पूजा करते हैं लेकिन यह सब तो हमारे द्वारा ही बनाई गई हैं। क्या इनकी पूजा करने से हमारे रोग, समस्याएं और कष्ट खत्म हो सकते हैं? क्या इनका समाधान होगा? इतना कुछ करने के बाद भी क्या किसी ने आत्मा-परमात्मा, ईश्वर, खुदा, वाहेगुरु, अकाल पुरख, नारायण, ब्रह्मा, काली, महेश, लक्ष्मी, सरस्वती को देखा है? क्या इनसे किसी का सामना हुआ है? लाखों लोग मंदिरों, मस्जिदों और गुरुद्वारों में जाते हैं फिर भी बीमारियां क्यों आती हैं? असाध्य रोगों से लोग मर रहे हैं बोर एक दूसरे को मार रहे हैं। आगे आने वाले समय में भयंकर रद्ध होने वाला है जिसमें आदमी आदमी को खाएगा। हम विभिन भाषा भाषी हैं, ईश्वर, परमात्मा, गॉड, अल्लाह वस्तुतः एकी है, यह हमें जानना चाहिए। हम परमात्मा से इसलिए मिल चाहते हैं ताकि हमारे रोग, कष्ट, दुख और समस्याएं हटें।

मायावती की सोशल इंजीनियरिंग

‘घूसखोर पंडित’ विवाद से पुरानी यादें ताजा

